-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.04.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले अभिलाष चन्द्र गुप्ता द्वारा व थाना मटौंध क्षेत्र के ग्राम पटना के रहने वाले लक्ष्मीनारायण द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गई कि क्रमशः दिनांक 17.01.2026 व दिनांक 18.01.2026 को मवई बाईपास से अज्ञात लोगों द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। सूचना पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0-59/26 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0-178/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 06.04.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान अभियुक्त को बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे सर्विस रोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। मौके से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई व उसके निशादेही पर 02 अन्य मोटसाइकिल को भी बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो पाया गया कि उक्त तीनों मोटरसाइकिल मै व मेरा साथी आनंद सिंह द्वारा मवई बाईपास से चोरी की गई थी। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है व अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

बरामदगी-

- 03 मोटरसाइकिल (चोरी के)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रवि पुत्र कल्लू निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

फरार अभियुक्त-

- आनंद पुत्र जगपत निवासी ज्योति नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 94/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष कोतवाली देहात
2. कां0 शुभम साहू
3. कां0 जितेन्द्र कुमार
4. कां0 सचिन पटेल
5. कां0 माधव सिंह